हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 20 मई 2026

तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 31.6 डिग्री

शासकीय कार्य में मितव्ययिता बरतने के निर्देश 12



मुकाबले में बलराज की टीम का जलवा 12





## खबर संक्षेप

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी बातों को लेकर महिला के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को पदरडीह निवासी दिव्या यादव ने बताया कि 18 मई की रात 8.30 बजे उसकी मां शत्रुघन यादव के घर पास में बैठी थी, इसी दौरान शराब के नशे में चंद्रमणि साव पुरानी बातों को लेकर उसकी मां को देखकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने देकर अपनी पत्नी पार्वती साव के साथ एक राय होकर हाथ मुक्का एवं डंडे से उसकी मां पुष्पा बारीक से मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बाइक पेड़ से टकराई युवक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम तरेकेला मेन रोड स्थित सेमर पेड़ से बाइक के टकरा जाने से युवक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 18 मई की सुबह लगभग सुबह 10.30 बजे निर्मल सिदार अपने साथियों के साथ अपनी मोटर सायकल स्प्लेंडर प्रो सीजी 06 जी 3267 में बैठकर पिरदा गया हुआ था, वापसी के दौरान लगभग 4 बजे ग्राम तरेकेला मोड़ के पास उसकी बाइक सेमर पेड़ से टकरा गई। घटना में निर्मल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक के पीछे बैठे उसके साथियों को भी चोटें आई। मामले की रिपोर्ट पर धारा 281,125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम हेडसपाली में एक युवक के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को हेडसपाली के नागेश्वर साहू (21 साल) ने बताया कि 17 मई को लगभग 7.30 बजे घर का काम करने के बाद घूमने के लिए गांव बस्ती की ओर गया था। वापस आने के दौरान जब वह रवि अजय के घर के सामने पहुंचा तब रवि ने उसे देखकर रंजिशवश गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी देकर लकड़ी का डंडे से मारने लगा। से मुझे मारने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115 (2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# ऑनलाइन फार्मेसी के अवैध तौर-तरीकों के विरोध में, आज बंद रहेंगी दवा दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियों द्वारा नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे अनियंत्रित कारोबार और इसके कारण आम जनता के स्वास्थ्य पर मंडराते गंभीर खतरे के विरोध में आज 20 मई, दिन बुधवार को प्रदेशव्यापी होलसेल और रिटेल दवा व्यापार बंद का आह्वान किया गया है। इसी तारतम्य में डिस्ट्रिक ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट एसोसियेशन ने दवा बाजार के इस बड़े संकट और जनहित के इस संवेदनशील मुद्दे को देखते हुए दवा विक्रेताओं व्यापारियों की एकजुटता का परिचय देते हुए इस बंद को अपना पूर्ण और नैतिक समर्थन देने की घोषणा की है।

जिला दवा विक्रेता संघ के सचिव अरशी ने बताया कि वर्तमान में ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियों द्वारा दवाओं पर अनियंत्रित और अत्यधिक छूट दी जा रही है, जो कि व्यापारिक नियमों के खिलाफ है। चिंताजनक बात यह है कि इन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से बाजार में नकली दवाएं धड़ल्ले से खपायी जा रही हैं। इतना ही नहीं, सरकार द्वारा प्रतिबंधित और अत्यधिक संवेदनशील दवाएं, जिन्हें सिर्फ और सिर्फ डॉक्टर की लिखित सलाह (पर्चे) पर ही दिया जाना कानूनी रूप से अनिवार्य है, वे भी इन ऑनलाइन साइट्स पर बिना किसी कड़े सत्यापन के धड़ल्ले से बेची जा रही हैं। जिसका दवा विक्रेता संघ ने विरोध दर्ज कराते हुए इसे रोकने प्रशासनिक निर्देश जारी किए जाने की मांग की है।

## दवा विक्रेताओं-व्यापारियों की एकजुटता का परिचय, बंद को दिया पूर्ण और नैतिक समर्थन

### इन प्रमुख बिंदुओं के चलते आंदोलन

ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियों द्वारा अनियंत्रित छूट देना, नकली दवाएं के साथ साथ प्रतिबंधित दवाएं जो कि सिर्फ और सिर्फ डॉक्टर के सलाह पर ही दी जानी चाहिए धड़ल्ले से बेची जा रही है। यह स्थिति न केवल पारंपरिक दवा व्यापारियों के रोजगार को गर्त में धकेल रही है, बल्कि युवाओं में नशे और प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग को बढ़ावा देकर सीधे तौर पर आम जनता के जीवन से खिलवाड़ कर रही है। इसी गंभीर विषय को लेकर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए इस तालाबंदी का निर्णय लिया गया है।



### समाज के स्वास्थ्य की लड़ाई: दवा विक्रेता संघ

20 मई को होने वाले इस प्रदेशव्यापी बंद के दौरान इसके अलावा शहर और राज्य के सभी बाहरी व स्वतंत्र थोक और चिल्हर मेडिकल स्टोर पूरी तरह से बंद रहेंगे। संघ ने कहा है कि यह लड़ाई व्यापारियों के अस्तित्व की नहीं, बल्कि समाज के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए है यह समर्थन इस आंदोलन को निर्णायक मोड़ पर ले जाएगा।

### दवाओं की उपलब्धता के निर्देश

विभिन्न केमिस्ट संगठनों द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा आम नागरिकों को आवश्यक दवाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन अखिलेश पांडेय ने बताया कि जिले में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों, धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स, शासकीय चिकित्सालयों, नर्सिंग होम्स एवं अन्य औषधि वितरण केंद्रों के माध्यम से आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मरीजों एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## अपराध: व्याख्याता के घर चोरी की घटना को दिया अंजाम, पुलिस जांच में जुटी

# शादी में शामिल होने एमपी गया परिवार चोर ले उड़े जेवर और कीमती सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के अंतिम छोर पर बसे हाउसिंग बोर्ड दीनदयाल कॉलोनी में वैवाहिक कार्यक्रम में गए परिवार और घर के सूनेपन का फायदा उठाते हुए एक व्याख्याता के घर से सोने-चांदी के सामान सहित नगदी रकम की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड के दीनदयाल कालोनी निवासी व्याख्याता सुखेंद्र द्विवेदी ने कोतवाली पुलिस में शिकायत की है कि 1 मई 2026 को वह परिवार के साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम ब्यवहारी, जिला शहडोल (मध्यप्रदेश) गया था। 18 मई की रात करीब 2.25 बजे पड़ोसी ने बताया कि घर में चोरी हो गयी है। बाद वापस आकर देखा तो घर के मेन गेट का ताला नहीं लगा था अंदर जाकर देखा तो द्वार और तीनों कमरे में लगे ताले नहीं थे।

बेडरूम में दो गोदरेज और बाक्स में लगे ताले और लॉक टूटा हुआ और सामान बिखरा हुआ था। दोनों गोदरेज और बॉक्स से चांदी की लक्ष्मी की मूर्ति, चांदी की गणेश की मूर्ति, चांदी वजन 400 ग्राम, एक नग चांदी का लोटा वजन 250 ग्राम, 03 नग चांदी की कटोरी वजन 100, 12 नग चांदी के छोटे व बड़े सिक्के, 05 जोड़ी चांदी की पायल, चांदी का शिवलिंग व बेलपत्र वजन 10 ग्राम, 02 नग सोने की अंगूठी वजन 03 ग्राम, नकदी 13 हजार रुपए, जियो का फाइवर सेट, सीसीटीव्ही का डीवीआर, पॉवर किट, जियो का सेटअप बॉक्स अनुमानित राशि 98 हजार रुपए अज्ञात ने 17-18 मई की रात 2.25 से 3.30 बजे के बीच पार कर दी। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 305(ए), 331(4) का मामला दर्ज कर लिया है।





### अन्य घरों में चोरी को अंजाम देने की फिराक में थे चोर

व्याख्याता के घर चोरी के दौरान चोर गिरोह के दो सदस्य बकायदा आसपास के घरों के सूने होने और ताला लगे होने की तस्दीक करते हुए यहां लगे कैमरों में नजर आए है। कॉलोनी में हुई चोरी की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, कोतवाली प्रभारी राजीव नाहर व साइबर टीम मौके पर पहुंची और जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग ली।

### कॉलोनी के एक घर में और हुई चोरी

कॉलोनी की एक अन्य निवासी आशा रावत के घर पर भी इन्हीं चोरों ने घर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर घर में घुसे और आलमारी से 12 हजार रुपए नकद और एक सोने का टाप्स चोरी कर ले गए। घटना के समय श्रीमती रावत का भी घर खाली था। हालांकि अभी तक श्रीमती रावत ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### सावित्रीपुर में 2.30 लाख की चोरी

पीएम आवास बनाने के लिए खाते में आई रकम को निकालकर घर में रखने और चोरी का मामला ग्राम सावित्रीपुर में सामने आया जिसमें अज्ञात चोर ने पेटी में रखे 2.30 रुपए की चोरी कर ली। सांकरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को देवेंद्र कुमार जोशी पिता मिलचंद जोशी (20 साल) सावित्रीपुर चेरीडीपा ने बताया कि 16 मई को रात 11 बजे से 17 मई के 06 बजे के मध्य उसके घर की पेटी में रखे नगदी रकम 2,30,000 रुपए को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रार्थी ने बताया कि उसके पिताजी विकलांग है व घर टूटा फूटा है व दरवाजा भी टूट गया है, इसलिए लोहे के तार से बनी जाली को गेट के रूप में उपयोग करते हैं। मकान बनाने के लिए खरीफ फसल एवं रबी फसल के धान को बेचकर तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसके पिताजी के खाते में आई रकम को घर बनाने के नाम से घर में रखे छोटे से बॉक्स में रखा था। 16 मई की रात्रि करीबन 11 बजे वह और उसके पिताजी खाना खाकर दरवाजा को बंद कर सो गये। 17 मई की सुबह करीबन 08 बजे जब वह सोकर उठा तो देखा कि बॉक्स वहां पर नहीं था, जब उसने आसपास देखा तो घर के पीछे बाड़ी में बॉक्स पड़ा हुआ था। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### कलमीझर जलाशय में सिंचाई सुविधा व्यवस्था को लेकर किसानों में आक्रोश

**झलप।** कलमीझर जलाशय में सिंचाई सुविधा व्यवस्था को लेकर अधिकारी-कर्मचारी के कार्यशैली पर किसानों में आक्रोश है। विगत 15 सालों से घोंच और घोघरा के किसान सिंचाई समस्याओं से पूरी तरह से घिरे हुए हैं। जलाशय नहर नाली के कार्य में किसान मजदूर बन के काम कर रहे हैं अधिकारी-कर्मचारियों की अनदेखी से नहर लगातार जीर्ण होता जा रहा है। कई बार लिखित शिकायत एवं अवगत कराने पर अधिकारी-कर्मचारियों का रवैया हमेशा उदासीन रहा है। पानी सिंचाई किसानों के लिए भारी जटिल बन गई है। एक तरफ सरकार किसान हित और सिंचाई की उपयुक्त सुविधा की बात करती है, लेकिन सरकार के अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी पूरे सुविधा को धरातल में ना कर के कागजों में पूरा कर रहे हैं। 2 वर्ष पूर्व मनरेगा के तहत जनप्रतिनिधियों की मार्गदर्शन सहयोग एवं किसान की जागरूकता से मनरेगा के तहत लगभग 15 से 18 लाख की मिट्टी कार्य स्वीकृत हुई थी। जिसमें से कुछ राशियों का कार्य विभाग द्वारा कराया गया और बाद में बिना किसी को जानकारी देते हुए लेप्स कर दिया। इधर, एक तरफ काम खुलवाने के लिए मजदूर त्राहि त्राहि हो रहे हैं और उधर स्वीकृत हुए काम को अफ़सरों द्वारा लेप्स किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि ऐसी विचारधारा के अधिकारियों के प्रति कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो, जिसको ना शासन की पैसे की चिंता है ना उसे अपने कार्य करने वाले मजदूरों की। साथ ही ना ही उन किसानों की किसी प्रकार से फोन कर या सूचना कर अवगत कराने पर कर्मचारियों-अधिकारियों द्वारा तुम लोग काम कर लो, तुम लोग जेसीबी लगाओ, स्पष्ट बोल जाता है, ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों के रवैए के वजह से घोघरा के खेत का 70 प्रतिशत सिंचाई एवं घोंच का 100 प्रतिशत सिंचाई पूरी तरह वंचित है। जिससे दोनों गांव में भारी आक्रोश एवं शासन के प्रति नाराजगी है।

## मारपीट आरोपियों पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नया रावणभांठा में मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जलधर सोनवानी ने बताया कि 17 मई की दोपहर 2 बजे उसकी पत्नी अनिता सोनवानी, बहन सुलोचना बघेल, छोटी बहन कुमारी हरपाल, भाभी परमिला सोनवानी और मेरी छोटी भाई-बहू के साथ माया देवार, बिलई देवार अन्य महिलाओं का विवाद हो रहा था। जिसे उसके द्वारा समझाया गया। इसके बाद जब वह काम करके वापस रात्रि करीब 8 बजे घर आ रहा था, उसी समय वहां पर करिया देवार, रंजन देवार, रिपु देवार मिले और तीनों एक राय होकर गालियां और जान से मारने की धमकी देकर करिया देवार ने हाथ में रखे चाकू से एवं रज्जन देवार, रिपु देवार ने हाथ थप्पड से मारपीट किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 118(1), 296, 3(5), 351(3) बीएनएसके तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## रिसेकेला में पिता की हत्या, बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**महासमुंद/सरायपाली।** बाप-बेटे के बीच हुए विवाद में बेटे ने ईंट से मारकर अपने पिता की हत्या कर दी। मामला सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम रिसेकेला का है। सरायपाली थाना पुलिस ने घटना के चंद घंटों के भीतर ही आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया है। सरायपाली पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि 18 मई को सुबह 03:03 बजे सूचक हरजीत चौहान पिता आनंद लाल चौहान निवासी रिसेकेला की सूचना पर मृतक जयलाल सागर ऊर्फ जयलाल चौहान (48 वर्ष) निवासी रिसेकेला के मृत्यु के संबंध में मर्ग क्रमांक 33/26 धारा 194 बीएनएसएस दर्ज किया था। मर्ग जांच के दौरान पंचनामा कार्रवाई की गई। शव निरीक्षण में पाया कि मृतक जयलाल सागर उर्फ जयलाल चौहान की मृत्यु सिर में गंभीर चोंट आने से हुई है। जांच के दौरान घटना के चश्मदीदों कथन लिया, जिसमें बताया गया है कि 17 मई को रात्रि करीबन 8 बजे मृतक के घर में उसका विवाद उसके पुत्र अजय सागर उर्फ अजय चौहान के साथ हुआ था। इसी विवाद के दौरान अजय चौहान ने अपने पिता से मारपीट करते हुए जान से मार देने की नीयत से घर के बाड़ी से ईंट उठाकर अपने पिता के सिर में मारा, जिससे गंभीर चोंट आने के कारण जयलाल चौहान लहूलुहान होकर अचेत होकर जमीन में गिर गया था, घटना पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को परिजन शासकीय अस्पताल में लेकर आए, जहां पर डॉक्टर द्वारा चेक करने पश्चात उसकी मृत्यु हो जाना बताया। वहीं मुखबिरों से सूचना मिलने पर घेराबंदी कर पुलिस ने ग्राम बोदापाली से आरोपी अजय चौहान पिता जयलाल चौहान (25 वर्ष) निवासी ग्राम रिसेकेला गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 103(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



## शाम होते ही बन जाता है असामाजिक तत्वों का अड्डा, खिलाड़ियों को होती है परेशानी

# आधुनिक स्टेडियम की दरकार, मिनी स्टेडियम में बुनियादी सुविधाएं नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में खेल सुविधाओं की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। स्थानीय मिनी स्टेडियम इस समय बदहाली के दौर से गुजर रहा है। शहर के एकमात्र खेल मैदान में बुनियादी सुविधाओं का भारी अभाव है, जिसके कारण स्थानीय खिलाड़ियों को अभ्यास करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

खिलाड़ियों ने प्रशासन से महासमुंद में एक नए आधुनिक सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम के निर्माण की मांग की है। मिनी स्टेडियम में न तो पीने के साफ पानी की व्यवस्था है और न ही शौचालय की। जिससे स्टेडियम असुरक्षित हो गया है। ट्रैक पर कंकड़-पत्थर बिखरे हुए हैं, जिससे धावकों के चोटिल होने का खतरा हमेशा बना रहता है। क्रिकेट खिलाड़ी अमन ने बताया, मैदान में नियमित रूप से सफाई नहीं होती है।

घास ज्यादा हो गई है कि फील्डिंग करना मुश्किल होता है। पानी पीने के लिए हमें बाहर जाना पड़ता है। वहीं एथलेटिक्स की तैयारी कर रही आरती का कहना है, महिलाओं के लिए स्टेडियम में कोई चेंजिंग रूम में ताला लटका रहता हैं एवं चालू शौचालय नहीं है। ऐसे माहौल में अभ्यास करना हमारे लिए बहुत कठिन साबित हो रहा है।





### असामाजिक तत्वों का बना अड्डा

स्टेडियम की बदहाली का फायदा उठाकर शाम ढलते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू हो जाता है। बाहरी लोग आसानी से अंदर प्रवेश कर जाते हैं। रात के समय स्टेडियम में शराबखोरी की गतिविधियां संचालित होती हैं। सुबह मैदान पर जगह-जगह शराब की बोतलें और कचरा बिखरा मिलता है। फुटबॉल खिलाड़ी करण और बैडमिंटन खिलाड़ी विकास ने संयुक्त रूप से बताया कि शाम के वक्त असामाजिक तत्वों के डर से महिला खिलाड़ी समय से पहले ही घर लौटने को मजबूर हो जाती हैं। स्टेडियम में सुरक्षा गार्ड की कोई व्यवस्था नहीं है और न ही पर्याप्त लाइटिंग की सुविधा है, जिससे रात मंत यह पूरा परिसर अंधेरे में डूब जाता है।



**खबर संक्षेप**



### डीडी नगर में अघोषित बिजली बंद, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा कि डीडी नगर क्षेत्र में अघोषित बिजली बंद की शिकायत और हर बार 33 केवी बंद है, का बहाना विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाता है। बिजली को लेकर आम जनता तकलीफ झेल रही है। आये दिन लो वोल्टेज एवं एक फेस गोल होना आम बात हो गयी है। मामले को लेकर विद्युत विभाग के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा, वार्ड के जर्जर तारों और ट्रांसफार्मर मेंटेनेंस के काम का हमेशा बहाना किया जाता है, जबकि इसे युद्धस्तर पर दुरुस्त किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, बिजली विभाग मुख्यमंत्री का विभाग है, लेकिन सबसे ज्यादा अव्यवस्था देखने और सुनने को मिल रही है। विभाग द्वारा जारी कस्टमर केयर का नंबर हमेशा व्यस्त रहता है।

### संस्कृत विद्यामंडलम भी देगा अनुत्तीर्ण छात्रों को द्वितीय अवसर, पर्चे एक जून से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम नवमी से बारहवीं कक्षा तक मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्रों को द्वितीय अवसर प्रदान करेगा। संस्कृत बोर्ड द्वारा द्वितीय मुख्य परीक्षा की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। यह परीक्षा 1 जून से 9 जून तक आयोजित होगी। मंडलम ने परीक्षा संचालन को सुचारु, पारदर्शी एवं गोपनीय बनाए रखने हेतु केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्षों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। मंडलम् द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रश्न पत्रों की सेटिंग, मॉडरेशन, टंकण एवं मुद्रण का कार्य अत्यंत संवेदनशील होता है, इसलिए प्रश्न पत्रों के पैकेट खोलने एवं वितरण के दौरान विशेष सावधानी बरती जाए। परीक्षा दिवस पर प्रश्न पत्रों के पैकेट परीक्षा प्रारंभ होने के 15 से 20 मिनट पूर्व केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्ष की उपस्थिति में खोले जाएंगे तथा विषय एवं तिथि का मिलान सुनिश्चित किया जाएगा। किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर तत्काल मंडलम कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया में साझा नहीं कर सकते जानकारी मंडलम ने परीक्षा संबंधी किसी भी जानकारी को सोशल मीडिया में साझा न करने की हिदायत देते हुए नकल रोकने के लिए विशेष निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है।

# चारभांठा में लगा जनसमस्या निवारण शिविर ग्रामीणों की मांगों व समस्याओं पर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



ग्राम चारभांटा में सुशासन तिहार के तहत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 1066 आवेदन प्राप्त हुआ। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की गई। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में सांसद रुपकुमारी चौधरी शामिल हुई।

शिविर में उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में सुशासन व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है तथा योजनाओं का लाभअंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने शासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुशासन शिविरों के माध्यम से प्रशासन सीधे गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है, जिससे ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। शासन की योजनाएं अब सीधे गांव-गांव तक पहुंच रही हैं तथा पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल रहा है।

कुमारी भास्कर ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को अपने क्षेत्र में ही त्वरित समाधान उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। शासन का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी तरह अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक रहने तथा योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोदभराई व अन्नप्राशन संस्कार का कार्यक्रम आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया गया तथा ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन किट प्रदान किया गया।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और सुविधाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा निरंतर प्रयास है कि जनता को अपने कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े और शासन स्वयं उनके द्वार तक पहुंचे। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, सभापति जिला पंचायत कुमारी भास्कर, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह , जनपद उपाध्यक्ष धर्मेंद्र मुकेश चौधरी, सभापति उद्धव नंद आदि मौजूद रहे।

# जगदीश बने फुलझर राज गांडा समाज के अध्यक्ष



**सरायपाली।** नया संगठन फुलझर राज कल्याण समिति का गठन सर्वसमिति से किया गया। कई पदाधिकारियों जो पुराने संघ में थे उन्होंने सामूहिक इस्तीफा देकर इस संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सुनियोजित ढंग से चलाने के लिए पदाधिकारी भी मनोनीत किए गए। जिसमें संरक्षक के रूप में पंचराम चौहान, संयोजक चम्पत लाल चौहान, फुलझर अध्यक्ष जगदीश चौहान, उपाध्यक्ष पद के लिए 4 सदस्य मनोनीत किए गए, जिसमें नुराधन सुरजाल, अतंराम नंद, शत्रुघन चौहान एंव उतम दीप है। सचिव पद के लिए सुन्दर लाल चौहान एवं अशिवनी छत्रे, संगठन मंत्री धनीराम चौहान, राम प्रसाद चौहान, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजकुमार बिसरा, मोती लाल चौहान, गोसाई राम, मोहन लाल तांडी, सुरेश चौहान, करूणाकर तांडी, दुर्योधन चौहान, बिहारी चौहान एंव परमानंद चौहान है। इन पदाधिकारियों द्वारा यह संकल्प लिया गया कि समाज के उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। समाज में जगह-जगह लोग रोटी बेटी के नाम पर जुरबना वसूल किया जा रहा है उस पर भी रोक लगाकर बहू बेटियों को पूरा सम्मान दिया जाएगा। ऐसे अनेक विषयों पर गंभीरता पूर्वक चर्चा कर मीटिंग के लिए 31 मई को रखी गई है। जिसमें सरायपाली, बसना, पिथौरा के समस्त गांडा समाज के कर्मचारीगण एंव समाज प्रमुखगण शामिल होंगे।

# सांसारिक बंधन से छूटे बिना मोक्ष की प्राप्ति नहीं: पंकज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भागवत कथा आयोजन समिति द्वारा पुरी धाम में आयोजित भागवत कथा का रसपान कराते हुए व्यास पीठ से आचार्य पंकज तिवारी ने कहा कि रस्सी से बंधा हुआ व्यक्ति तो बंधन से छूट सकता है। लेकिन इच्छाओं के बंधन से छूट पाना मुश्किल है, जितनी ज्यादा सांसारिक इच्छाएं और कामनाएं होगी उतना ही व्यक्ति ज्यादा परेशान रहेगा। इसलिए सांसारिक बंधन से मुक्ति का प्रयास करना चाहिए, जब तक जीवन में बंधन रहेगा मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि सहजता ही मोक्ष का मार्ग है। स्वभाव में जितनी ज्यादा सहजता, सहनशीलता सरलता, स्वच्छता रहेगा मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होगा।

भगवान कपिल ने अपनी माता देहुति द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि भक्ति तीन प्रकार से की जा सकती है सतो, रजोऔर तमो। तीनों प्रकार की भक्ति का फल अवश्य मिलता है। किसी व्यक्ति को नीचा दिखाने के लिए की गई भगवान की भक्ति पूजा तामसिक भक्ति है। सांसारिक वस्तु की कामना से की गई भक्ति राजसी भक्ति है और कर्मों के प्रायश्चित के लिए किया जाने वाला कर्म, सद्भाव विस्तार से की गई आराधना सात्विक भक्ति है। व्यक्ति जिस भाव से पूजा कर रहा है उसके पूजा विधि में कोई कोई भेद नहीं है। भेद है तो केवल भाव का, इसलिए सात्विक भाव से की गई आराधना ही श्रेष्ठ भक्ति माना गया है। व्यास पीठ से उन्होंने तामसी भक्ति का उदाहरण देते हुए कहा कि दक्ष ने अहंकार भाव से शिव को अपमानित करने के लिए यज्ञ रचाया। जिसके कारण उसे अपमानित होना पड़ा और यज्ञ फल की प्राप्ति नहीं हो सकी। सती के देह त्याग का बखान करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने स्वभाव त्यागना नहीं चाहिए। दक्ष यज्ञ में बिना बुलाए ही सती के पहुंचने पर दक्ष ने अपनी पुत्री का अपमान किया। पिता से अपमानित होकर सति यह अपमान तो सह गई, किंतु सति को विचार आया कि उसे अपना स्वभाव नहीं छोड़ना चाहिए। इसलिए सती यज्ञ मंडप में जाकर बड़ों, देव, देवताओं को आदर दे रही थी, किंतु यज्ञ मंडप में भगवान शिव को यथोचित सम्मान नहीं मिलने से सती ने योग अग्नि से अपने देह का त्याग किया।यह सूचना जब भगवान शिव के पास पहुंची तो उन्होंने वीरभद्र प्रकट किया, जिसने यज्ञ विध्वंस कर दक्ष को दंडित किया। देवताओं के निवेदन पर भगवान शिव ने दक्ष को बकरे का सिर लगाकर जीवनदान प्रदान किया प्रदान किया। कथा के पूर्व व्यास पीठ पर आचार्य पंकज तिवारी को मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय, सह जजमान मनोज कांत सीता देवी साहू ,हेमंत तारा चंद्राकर ने पुष्पहार से स्वागत किया।

# बीटेक महाविद्यालयों में वर्षों से नहीं हुआ छात्र संघ का चुनाव : लवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

- हाल में हुई परीक्षा अनियमितताओं के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

महासमुंद इकाई के नगर मंत्री लवेश साहू ने बताया कि जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के बीटेक महाविद्यालयों में विगत कई वर्षों से छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए गए हैं। छात्रसंघ छात्रों की आवाज है और लोकतांत्रिक अधिकार है। चुनाव न होने से छात्रों की समस्याएं प्रशासन तक नहीं पहुंच पा रही हैं। कॉलेजों में फीस वृद्धि, लैब-लाइब्रेरी की बदहाली, प्लेसमेंट की समस्या, हॉस्टल-मेस की अव्यवस्था जैसे गंभीर मुद्दों पर छात्रों का पक्ष रखने वाला कोई निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं है। इससे छात्रों में भारी आक्रोश है।



वहीं दूसरी ओर बीते कल देशभर में नीट परीक्षा का पेपर लीक होने की घटनाओं ने लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। साथ ही छत्तीसगढ़ में 12वीं बोर्ड का हिंदी का पेपर लीक होने की खबरें सामने आई हैं। विद्यार्थी परिषद का मानना है कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने में पूरी तरह विफल रही है। बार-बार पेपर लीक होना शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। सरकार को इस पर कठोर कदम उठाकर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए और परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना चाहिए विद्यार्थी परिषद ने इन सभी मुद्दों के खिलाफ लगातार चरणबद्ध आंदोलन किया है। कार्यकर्ताओं द्वारा महासमुंद कलेक्टर, कुलपति, विश्वविद्यालय प्रशासन एवं तकनीकी शिक्षा संचालनालय को कई बार ज्ञापन सौंपा गया। जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन, रैलियां एवं हस्ताक्षर अभियान भी चलाए गए। इस गंभीर विषय को लेकर विद्यार्थी परिषद का प्रतिनिधिमंडल राजभवन पहुंचकर राज्यपाल को भी ज्ञापन सौंप चुका है। साथ ही उच्च शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन को भी छात्रों की मांगों से अवगत कराते हुए ज्ञापन प्रेषित किया गया है। इसके बावजूद शासन-प्रशासन ने आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जो छात्रों के साथ घोर अन्याय है।

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रमुख मांग**

सत्र 2026-27 में बी.टेक महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव की तिथि अविलंब घोषित की जाए। नीट एवं छत्तीसगढ़ 12वीं हिंदी पेपर लीक मामले की सीबीआई /उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। भविष्य में पेपर लीक रोकने हेतु ठोस तकनीकी एवं प्रशासनिक व्यवस्था लागू की जाए। यदि चुनाव रोकने संबंधी कोई गुप्त अध्यादेश या आदेश है तो उसे तुरंत रद्द किया जाए। छात्रों को अपना प्रतिनिधि चुनने का संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकार दिया जाए। नगर मंत्री लवेश साहू ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया एवं पेपर लीक मामलों पर कार्रवाई प्रारंभ नहीं की गई, तो विद्यार्थी परिषद महासमुंद से लेकर राजधानी रायपुर तक उग्र प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

# निरंजन धर्मशाला के कब्जे से नाले की जमीन मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- वीआईपी रोड में फुंडहर स्थित 0.1100 हेक्टयेर सरकारी नाले की जमीन को कराया कब्जा मुक्त
- नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी, वार्ड पार्षद रेणु जयंत साहू ने उठाया था मामला

नगर निगम जोन 9 के नगर निवेश विभाग ने दशकों से निरंजन धर्मशाला के कब्जे में रहे वीआईपी रोड फुंडहर स्थित सरकारी नाले की जमीन को कब्जा मुक्त कराया।

निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 9 कमिश्नर राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता शरद देशमुख, उपअभियंता सैयद जोहेब सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में यह कार्रवाई की गई। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी और लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पार्षद रेणु जयंत साहू ने वीआईपी रोड स्थित सरकारी नाले की जमीन पर अवैध कब्जा होने की शिकायत कर संबंधित जमीन के सीमांकन की मांग जोर-शोर से उठाई।

उनका कहना था कि निजी हॉटल, धर्मशाला वालों ने नाले की शासकीय जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है, इससे नाले की जमीन का दायरा कम हो गया है। नाला चौड़ीकरण से पूर्व शासकीय जमीन का सीमांकन कराया जाए जिससे वस्तु स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। जोन 9 कमिश्नरी को इस संबंध में शिकायत करने के बाद भी जब नाले की जमीन के सीमांकन में उदासीनता बरती गई, तब तत्कालीन निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नाला सीमांकन कराया गया। इसमें नाले की जमीन पर अतिक्रमण होना पाया गया।

# 'वल्ड्र्स बेस्ट हॉस्पिटल्स इन इंडिया 2026' रैंकिंग में एम्स शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एम्स ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए प्रतिष्ठित न्यूजवीक "वल्ड्र्स बेस्ट हॉस्पिटल्स 2026" रैंकिंग में देश के अग्रणी अस्पतालों में स्थान प्राप्त किया है। संस्थान को भारत के सर्वश्रेष्ठ सरकारी अस्पतालों में 6वां तथा नए एम्स संस्थानों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।
यह अंतरराष्ट्रीय मान्यता अस्पताल की गुणवत्ता, विशेषज्ञों की सिफारिश, मरीजों के अनुभव जैसे विभिन्न मानकों के आधार पर दी गई है। संस्थान ने फैकल्टी की कमी जैसी चुनौतियों के बावजूद लगातार प्रगति की है।
संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों में मध्य भारत की पहली सरकारी रोबोटिक सर्जरी सुविधा "देवहस्त", छत्तीसगढ़ की पहली बीएसएल-3 प्रयोगशाला की स्थापना, किडनी प्रत्यारोपण, आधुनिक न्यूक्लियर मेडिसिन सुविधाओं का विस्तार, दूसरी कार्डियक कैथ लैब का शुभारंभ, अत्याधुनिक एआई लैब की स्थापना तथा सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग की शुरुआत शामिल हैं।

# एसडीओ पर मंत्री के नाम पर वसूली के आरोप, जांच करने पहुंचे सीसीएफ, डीएफओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खबर का असर**


रेंजर की डीएफओ को चिट्ठी, वसूलीबाज एसडीओ से बचाएं, वनमंत्री के नाम से वसूली के आरोप

- अवकाश के दिन नंदनवन प्रबंधन को बुलाकर घंटों पूछताछ की

नंदनवन पक्षी विहार में पदस्थ रेंजर द्वारा अपने एसडीओ के खिलाफ मंत्री के नाम पर वसूली करने के आरोप पत्र वायरल होने की घटना को वन विभाग के अफसरों ने गंभीरता से लिया है। इस संबंध में रेंजर द्वारा अपने अफसर के खिलाफ लगाए आरोप के साथ आरोप की पीडीएफ कॉपी हरिभूमि ने रविवार को प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद सीसीएफ मणिवासगन तथा प्रभारी डीएफओ रायपुर वनमंडल रविवार को अवकाश के दिन जांच करने नंदनवन पहुंचे।

सूत्रों के मुताबिक जांच करने पहुंचे अधिकारी करीब तीन घंटे तक नंदनवन में रहे। इस दौरान कर्मचारियों के मोबाइल की भी जांच की गयी। अफसर शिकायतों के साथ-साथ इस बात की भी तस्दीक करना चाह रहे थे कि आखिरकार शिकायती पत्र को मीडिया में किसने वायरल किया। अलग-अलग कर्मचारियों के बयान भी दर्ज किए गये। साथ ही रेंजर की उस शिकायत की भी पड़ताल की गयी, जिसमें फर्जी बिल बनाकर भुगतान कराने और पैसा मंत्री तक पहुंचाने की बात कही गयी थी। बताया जा रहा है कि सीसीएफ के सामने उस बिल को भी रखा गया, जिसके भुगतान का दवाब एसडीओ रेंजर पर डाल रहे थे। बिल भुगतान को लेकर एसडीओ ने जो दलील दी, उससे जांच टीम संतुष्ट नहीं दिखी। इस पूरे प्रकरण को लेकर अफसरों का कहना है कि उन लोगों ने अपनी जांच रिपोर्ट तैयार कर वन मुख्यालय को भेज दी है। किसी भी तरह की कार्रवाई को लेकर मुख्यालय द्वारा निर्णय लिए जाने की

### रेंजर, एसडीओ दोनों पर गिर सकती है गाज

नंदनवन में अफसरों के विवाद के चलते विभाग की छवि को बुरी तरह से बट्टा लगा है। एसडीओ राजेंद्र प्रसाद दुबे दो माह बाद सेवानिवृत्त होने वाले हैं। नंदनवन को वन्यजीव से हटाकर सामान्य वनक्षेत्र में चार माह पूर्व ही जोड़ा गया है। नंदनवन को संवारने वनमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना में शामिल है। इस बात को ध्यान में रखते हुए विभागीय अफसर आरोप लगाने वाले रेंजर हिमांचल साहू तथा एसडीओ राजेंद्र प्रसाद दुबे के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं। विभागीय अफसर इस बात को लेकर सबसे ज्यादा खफा हैं कि शिकायत पत्र को आखिर किसने मीडिया में लीक किया।

### दवा दुकान बंद को कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ का समर्थन

**रायपुर।** ऑनलाइन दवा कंपनियों के विरोध में 20 मई को देशव्यापी दवा बाजार बंद को कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने अपना समर्थन दिया है।प्रदेश अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता ने कहा कि चिकित्सा प्रकोष्ठ स्थानीय व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संकल्पित है। दवा विक्रेताओं का यह संघर्ष केवल उनका व्यक्तिगत संघर्ष नहीं है, बल्कि यह उन सभी की आवाज है जो इस प्रकार ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा से जूझ रहे हैं एवं जिन्हें इससे संबंधित दुष्परिणामों की जानकारी है। उन्होंने मांग की है कि शासन प्रशासन स्थानीय व्यापारियों के हितों एवं जनमानस के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उचित नीतिगत निर्णय लिए जाएं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन दवा कंपनियों की वजह से स्थानीय छोटे और मंझोले व्यापारियों के अस्तित्व पर संकट गहरा गया है।

# निसंतान दंपति निजी अस्पतालों के भरोसे, सरकारी आईवीएफ सेंटर अभी भी प्रक्रियाओं में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

प्रदेश के निसंतान दंपति संतान सुख की खातिर अभी भी निजी संस्थानों के भरोसे है। आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सरकारी यानी आंबेडकर अस्पताल में इसकी स्थापना के लिए 10 करोड़ स्वीकृत किया गया था। सालभर बीतने के बाद भी यह योजना प्रक्रियाओं से बाहर नहीं आ पाई है। निजी अस्पतालों में इसके लिए लाखों रुपए खर्च होते हैं और आंबेडकर अस्पताल में यह सुविधा कम खर्च अथवा आयुष्मान योजना से पूरी हो जाएगी।

प्रदेश में अभी 20 से ज्यादा निजी आईवीएफ सेंटर संचालित हो रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में निसंतान दंपति संतान प्राप्ति के लिए इलाज के लिए जाते हैं। जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शासन ने यह सुविधा शासकीय स्तर पर उपलब्ध कराने की योजना बनाई थी। आंबेडकर अस्पताल में यह संस्थान बनाने के लिए पिछले साल बजट में 10 करोड़ का प्रावधान किया था। अस्पताल प्रबंधन और वहां से जुड़े चिकित्सक इसकी जरूरत काफी समय से महसूस कर रहे थे, इसलिए माना जा रहा था कि यह सुविधा जल्द ही प्रारंभ की जा सकती है, मगर यह संस्थान प्रक्रियाओं के जाल से बाहर नहीं निकल पाया है।

आईवीएफ सेंटर बनाने के लिए पहले पुराने भवन में संचालित विभाग को चयन किया गया था, मगर बाद में अस्पताल में बनने वाले नए एकीकृत भवन को इसके लिए उपयुक्त माना गया था। बाद में इसके लिए पृथक से जमीन की तलाश शुरू की गई थी जो अब तक पूरी नहीं हो पाई है। अस्पताल से जुड़े चिकित्सकों का कहना है कि आंबेडकर अस्पताल में यह संस्थान खुलने से मरीजों को काफी राहत मिलेगी।

**पिछले साल स्वीकृत हुए थे 10 करोड़, अब तक नहीं बन सकी योजना**

### पदों पर भर्ती की योजना

आईवीएफ सेंटर बनाने के लिए कुछ अतिरिक्त विशेषज्ञों की व्यवस्था करनी होगी। इसमें एंड्रोलॉजिस्ट का एक पद, एंब्रियोलॉजिस्ट के दो, एमएससी बायो टेक्नोलॉजिस्ट के चार व काउंसलर के दो पदों पर भर्ती करने की आवश्यकता होगी। सूत्रों के मुताबिक इसके प्रक्रिया भी अब तक शुरू नहीं हो पाई है। आने वाले दिनों में एम्स में भी यह सुविधा प्रारंभ करने की योजना पर काम किया जा रहा है।



### हर महीने 50 से ज्यादा मरीज

आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में हर माह पचास से ज्यादा ऐसे मरीज आते हैं जो आईवीएफ प्रक्रिया से संतान प्राप्ति के इच्छुक होते हैं। यहां सुविधा नहीं होने की वजह से मरीजों को किसी निजी अस्पताल में जाकर इलाज कराने की सलाह दी जाती है। कई मरीज आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण मन मसोसकर रह जाते हैं।

**खबर संक्षेप**

### 'डर्मोस्कोपी की संभावनाओं को समझना' विषय पर एम्स में सीएमई

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के त्वचा रोग विभाग द्वारा इंडियन एसोशिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजी वेनरोलॉजिस्ट एंड लेपरोलॉजिस्ट छत्तीसगढ़ था डर्मेटोस्कोपी सोसायटी ऑफ इंडिया के सहयोग से 17 मई को "डर्मोस्कोपी की संभावनाओं को समझना" विषय पर सतत चिकित्सा शिक्षा का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से 70 से अधिक त्वचा रोग विशेषज्ञों, संकाय सदस्यों एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम क्षेत्र के प्रमुख शैक्षणिक त्वचा रोग आयोजनों में शामिल हो गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ अशोक जिंदल सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। डर्मोस्कोपी एक गैर-आक्रामक निदान तकनीक है, जिसके माध्यम से त्वचा, बाल एवं नाखूनों की उन सूक्ष्म संरचनाओं का आवर्धित अवलोकन किया जा सकता है।

चर्चा : कलेक्टर विनय लंगेह ने ली राइस मिलर्स की बैठक

# एफसीआई एवं नान में जल्द चावल जमा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के राइस मिलर्स की बैठक लेकर एफसीआई एवं नॉन में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शीघ्र चावल जमा करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने धान उपार्जन एवं चावल जमा की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू, नॉन, जिला विपणन अधिकारी, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं जिले के राइस मिलर्स उपस्थित रहे।




बैठक में कलेक्टर लंगेह ने बताया कि एफसीआई में अब तक मात्र 19 हजार मीट्रिक टन चावल ही जमा किया गया है। जबकि, लगभग 5 लाख मीट्रिक टन चावल जमा करने का लक्ष्य निर्धारित है। जबकि प्रति माह लगभग 50 हजार मीट्रिक टन चावल जमा किया जाना चाहिए।

उन्होंने इस प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी राइस मिलर्स को तेजी से चावल जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को राइस मिलर्स का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन मिलर्स द्वारा 50 दिनों से अधिक समय से चावल जमा नहीं किया गया है, उन्हें विशेष रूप से नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इसी प्रकार नॉन में भी न्यूनतम 200 मीट्रिक टन चावल जमा करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने वर्ष 2024-25 के ऐसे राइस मिलर्स, जिन्होंने अब तक चावल जमा नहीं किया है, उनके विरुद्ध ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

बैठक में अंतरजिला परिवहन एवं समन्वय संबंधी समस्याओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि संबंधित जिलों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। ताकि, चावल जमा की प्रक्रिया प्रभावित न हो। कलेक्टर ने सभी राईस मिलर्स से सूखाग्रस्त ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने तथा जल संचयन संबंधी गतिविधियों में सहयोग करने का आग्रह किया। राईस मिलर्स ने सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही।

# मुनगासेर में महंगाई के विरोध में कांग्रेस का धरना- प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम मुनगासेर में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और खाद्य सामग्री के लगातार बढ़ते दामों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के मार्गदर्शन में कांग्रेसजनों द्वारा धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज देश और प्रदेश की जनता महंगाई की चौतरफा मार से कराह रही है। पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं। गरीब की थाली से दाल और तेल गायब हो चुके हैं। यह सरकार आम जनता को राहत देने के बजाय उनकी जेब पर डाका डालने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी और जनता के हक की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ेगी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष), तूफान दीवान (महामंत्री), शिवशंकर साहू (महासचिव ब्लॉक युवा कांग्रेस), अंजोर ठाकुर (ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस), भेख लाल



खेमराज सिन्हा (ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष), सुनील टांडे (संस्कृति प्रकोष्ठ अध्यक्ष), चंद्रहास साहू (उपाध्यक्ष), संतोष पटेल (जिला महामंत्री), अंकित बागबाहरा, मूलचंद चंद्राकर (मंडल अध्यक्ष), आकाश चंद्राकर (युवा कांग्रेस (ग्रामीण अध्यक्ष), पुष्कर वैष्णव, रामकुमार साहू, मुकेश साहू, ठाकुरराम सोनवानी, बालेश्वर साहू, चैतराम, आशीष दीवान, अशोक नाग एवं पूनारद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पेयजल संकट से निपटने उद्योगों का मिलेगा सहयोग

## कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने उद्योग संचालकों की ली बैठक, विस्तार से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

3जिले में गहराते पेयजल संकट से प्रभावी ढंग से निपटने एवं जल संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में स्थापित विभिन्न उद्योग इकाइयों के संचालकों एवं अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता, जल संरक्षण एवं वैकल्पिक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि वर्तमान ग्रीष्मकाल में जिले के कई क्षेत्रों में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो रही है। ऐसे समय में उद्योगों की सामाजिक सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने उद्योग संचालकों से जल संरक्षण एवं पेयजल व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।




इस पर मौजूद उद्योग संचालकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन देते हुए कहा कि वे पेयजल संकट की स्थिति में प्रशासन के साथ खड़े हैं तथा जनहित के कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

बैठक में सरायपाली, बसना, पिथौरा एवं महासमुंद के विभिन्न क्षेत्र में बोर खनन एवं मरम्मत कराने, आवश्यकतानुसार पेयजल उपलब्ध कराने तथा जल संचयन संबंधी गतिविधियों में सहयोग करने पर सहमति बनी। उद्योग संचालकों ने जल संचयन-जल भागीदारी" अभियान में भी सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उद्योग विभाग के अधिकारी एवं जिले के विभिन्न उद्योग इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, 76 आवेदन प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में महासमुंद स्थित महामाया वार्ड की पार्षद ईश्वरी संजय भोई विशेष रूप से कलेक्टर का धन्यवाद ज्ञापित करने पहुंचीं। उन्होंने बताया कि पिछले जनदर्शन में उन्होंने अपने वार्ड स्थित आंगनबाड़ी भवन के जीर्णोद्धार के लिए आवेदन दिया था। जिस पर कलेक्टर लंगेह द्वारा तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए गए थे। प्रशासन की त्वरित पहल से अब आंगनबाड़ी भवन का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी क्रम में महासमुंद के डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड के पार्षद धनेंद्र चंद्राकर ने शीतला तालाब में सार्वजनिक पचरी निर्माण की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह तमोरा निवासी दिव्यांग द्वारिका प्रसाद तांडे ने पेंशन से संबंधित आवेदन सौंपा। वहीं बसना विकासखंड के ग्राम अंकोरी निवासी ज्ञान सिंह रायधर ने भू-अभिलेख सुधार के लिए आवेदन दिया। इसके अलावा साहू तेली संघ द्वारा कन्या छात्रावास, वृद्धाश्रम एवं बालक छात्रावास निर्माण के लिए भूमि आबंटन की मांग संबंधी आवेदन कलेक्टर को सौंपा गया। साथ ही अवैध अतिक्रमण, लम्बित राशि भुगतान एवं अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू मौजूद रहे।

## शाश्वत रत्नसागर का हुआ नगर आगमन



**महासमुंद।** आचार्य पीयूष सागर मरासा के सानिध्य में आदि थाना आठ का नगर आगमन हुआ। जिसमें चार वर्ष पूर्व शहर के महेंद्र चोपड़ा के पुत्र पूर्वनाम रजत चोपड़ा गुरु महाराज नाम शाश्वत मरा साहब का दीक्षा के बाद प्रथम नगर हुआ। इन 4 वर्षों में नगर के शाश्वत रत्नसागर ने भारत देश के लगभग 14 राज्यों में भ्रमण किए। वे यहां 3 दिन जैन मंदिर में विविध कार्यक्रम में रहेंगे। जिसके बाद वे राजिम नवापारा प्रस्थान करेंगे।

# छत्तीसगढ़ जूनियर रेडक्रॉस उपसमिति के वाइस चेयरमैन बने अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की अधिसूचना 15 दिसंबर 2017 के अनुसार भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अधिनियम 1920 की धारा 5 उपधारा (1) के खंड (ड़), खंड (च) एवं खंड (ञ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य संघ, राज्य क्षेत्र तथा जिला शाखाओं के संचालन के लिए नियम निर्धारित किए गए हैं। इन नियमों को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा द्वारा पूर्ण रूप से स्वीकार किया गया है। उक्त अधिसूचना एवं नियमों के पालन में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर की राज्य प्रबंध समिति द्वारा विभिन्न समितियों एवं उपसमितियों का गठन किया गया है।

नियम 12 अनुसूची-03 के अंतर्गत गठित विभिन्न समितियों में डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। उन्हें नियम 12 अनुसूची-03 के 6(क) अंतर्गत गठित वित्त समिति का सदस्य, नियम 12 अनुसूची-03 के 6(झ) अंतर्गत गठित पाठ्यक्रम समिति का सदस्य तथा नियम 12 अनुसूची-03 के 7 अंतर्गत गठित जूनियर रेडक्रॉस कनिष्ठ समिति छत्तीसगढ़ राज्य का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी वर्तमान में राज्य प्रतिनिधि एवं जिला रेडक्रॉस अधिकारी, महासमुंद के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद वे संपूर्ण छत्तीसगढ़ में जूनियर रेडक्रॉस की कार्ययोजना तैयार करेंगे तथा प्रदेश के विद्यालयों में जूनियर रेडक्रॉस की गतिविधियों के संचालन एवं विस्तार को सुनिश्चित करेंगे। उनके नेतृत्व में विद्यार्थियों के बीच सेवा, स्वास्थ्य, मानवता, आपदा सहायता एवं सामाजिक जागरुकता से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से संचालित किया जाएगा।



इस अवसर पर डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के चेयरमैन तोमन साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका निर्वहन वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करेंगे। जूनियर रेडक्रॉस उपसमिति, छत्तीसगढ़ राज्य के वाइस चेयरमैन नियुक्त होने पर डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी को जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं रेडक्रॉस सदस्यों ने हर्ष जताया है।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक महासमुंद विधानसभा सहित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा महासमुंद के सभापति संदीप दीवान, उपाध्यक्ष भूपेंद्र राठौर, कोषाध्यक्ष पारस चोपड़ा, संरक्षक सदस्य महेंद्र कुमार श्रीश्रीमाल, मनोज पिंचा, अनिता रावटे, डॉ. एम वॉय मेमन, दाऊलाल चंद्राकर, माधवराव टाकसाले, अरुणा शुक्ला, ऐतराम साहू, मनीष शर्मा, संजय शर्मा, सती साहू, प्रमोद तिवारी, प्रेम चंद्राकर, अरशी अनवर, एचआर बघेल, अभिषेक पांडेय, आकाश पांडेय, सुनील शर्मा, यशवंत चौधरी, हीरा बंजारे, राजेश्वर खरे, विश्वनाथ पाणिग्रही एवं धर्मेंद्र महोबिया तथा समिति के समस्त सदस्यों ने हर्ष जताया है।

साथ ही डॉ. श्वेतलाना नांगल सहायक जिला रेडक्रॉस अधिकारी, हितेन्द्र शर्मा सहायक जिला रेडक्रॉस अधिकारी तथा दिनेश साहू जिला रेडक्रॉस प्रशिक्षक एवं परस राम सिन्हा जू रे क्रॉ विखं सचिव बागबाहरा ने भी हर्ष जताते हुए कहा कि डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में जूनियर रेडक्रॉस गतिविधियों को नई दिशा एवं मजबूती प्राप्त होगी।

# किसान सुशासन तिहार में अपना अधिकार मांगें: अंकित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर और जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर अंकित बागबाहरा लगातार कोमाखान, बागबाहरा शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित महंगाई के खिलाफ कार्यक्रम में शामिल हुए।

- **किसानों को डीजल कम कीमत और दो बोरा यूरिया प्रति एकड़ होनी चाहिए**

अंकित ने अपने उद्बोधन में कहा कि मोदी की केंद्र सरकार को और भाजपा की जहां जहां भी सरकार है वह किसान विरोधी है। अंकित ने कहा कि देश में तीन काले कानून लाकर पहले 700 किसानों की बलि ले ली और अब बिना किसानों से बात किए उन्हें प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया के लिए मजबूर किया जा रहा है। साथ ही खेती किसानी के दिनों में डीजल में मूल्य वृद्धि और उप्लब्धता की कमी कर किसानों के जख्मों में नमक डालने का काम भाजपा सरकार कर रही है। अब किसानों को जैविक खेती की ओर रुख करने कहा जा रहा है तो अंकित ने पूछा भूपेश बघेल की गौठान योजना क्यों बंद कर दी गयी। आगे अंकित ने कहा कि मोदी प्रधानमंत्री कम प्रचार मंत्री ज्यादा है तो जिनके लिए फ़ोटो खिंचवाना और रील बनाना सबसे बड़ा काम है। अंकित ने मांग की कि सभी को सुशासन तिहार में ये मांग जरूर करनी है कि मोदी को अपनी फोटो खींचने और छपवाने का बहुत शौक है तो मोदी और साय की फोटो शराब की बोतलों में भी छपनी चाहिए। किसानों को सस्ते कीमत में खेती कार्य के लिए डीजल मिलना चाहिए। अगर सरकार चाहती है कि किसान धान के अलावा दूसरी फसल ले तो अब फसल बीमा ना हो कर उत्पाद बीमा होना चाहिए। ताकि, जो भी फसल सरकार उगवाना चाहती है किसान उगा सके और उसका भुगतान सुनिश्चित रहे। किसानों को प्रति एकड़ दो बोरी यूरिया दिया जाए। ये मांगे जन हित और किसान हित में अत्यंत उपयोगी है, जिसे सभी को ज्यादा से ज्यादा किसान हित में मांगना चाहिए।

## सुशासन तिहार में ग्रामीणों की मांग पर त्वरित कार्रवाई

### गोड़बहाल जलाशय के मुख्य गेट की मरम्मत से किसानों को मिली राहत

**महासमुंद।** प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा हैं। जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत परसापाली के ग्रामीणों ने समाधान शिविर में गोड़बहाल जलाशय के मुख्य गेट की जर्जर स्थिति को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीणों ने बताया कि जलाशय का मुख्य गेट खराब होने से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और किसानों को खेती कार्य में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा तत्काल संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निर्देश प्राप्त होते ही जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता अजय खरे एवं टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और प्राथमिकता के आधार पर गोड़बहाल जलाशय के मुख्य गेट का मरम्मत कार्य पूर्ण कराया। गोड़बहाल जलाशय से पोटापारा तथा परसापाली क्षेत्र के कृषि रकबे में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होती है। मुख्य गेट की मरम्मत होने से अब किसानों को समय पर सिंचाई जल मिल सकेगा, जिससे आगामी खेती कार्यों में सुविधा होगी और फसलों को पर्याप्त पानी मिल पाएगा। ग्रामीणों ने समस्या के त्वरित निराकरण पर जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से उनकी वर्षों पुरानी समस्या का शीघ्र समाधान हुआ है, जिससे हम सभी किसान खुश है।



## जेठ के महीने में सूर्यदेव दिखा रहे तेवर, सुबह से ही तपिश



**नर्रा।** नौतपा की शुरुआत से पहले ही ज्येष्ठ के महीने में सूर्यदेव अपने तीखे तेवर दिखाने लगे है। तेज धूप और लू के कारण अंचल का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। सुबह 9 बजते ही सूरज की तपिश बढ़ने लगती है और दोपहर होते-होते सड़कें पूरी तरह से सूनी वीरान हो जाती हैं। तापमान 44 पारा रिकॉर्ड तोड़ रहा है और लोग घरों में दुबक जाते है। संध्या 6 बजे के बाद चहल-पहल देखने को मिलती है। गर्मी से निजात पाने ग्रामीण एसी, कूलर व पंखे की सहारा लेना पड़ रहा है।

**न्यायालय उप तहसील पटेवा,**
**जिला महासमुन्द (छ.ग.)**
प्रकरण क्रमांक अ-6 अ/.....
ग्राम-चिरको, प.ह.न. 19, रा.नि.मं. पटेवा

**// सूचना //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी चिरको को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गंगाराम पटेल पिता बिहारीलाल जाति-अघरिया निवासी ग्राम चिरको, प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. पटेवा तह. व जिला महासमुंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम चिरको स्थित भूमि कुल ख.नं. 22 कुल रकबा 6.46 हे. भूमि समस्त राजस्व रिकार्ड में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि में से खसरा नं. 65/3 रकबा 0.06 हे. भूमि ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में अनावेदकगणों के नाम पर त्रुटिवश दर्ज हो गया है। तथा अनावेदकगण के ग्राम की भूमि खसरा नं. 69 रकबा 0.06 हे. आवेदक के नाम पर दर्ज हो गया है। आवेदक एवं अनावेदकगण अपने-अपने भूमि पर कास्त काबिज होकर कृषि कार्य कर रहे है। उक्त भूमि को ऑनलाईन रिकार्ड में आवेदक के नाम से सुधार किये जाने बी-1 सहित इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया। आपको कोई दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29.05.2026 को कार्यालयीन समय तक या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्रस्तुत जवाब पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के पद मुहर से जारी।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार पटेवा जि. महासमुंद (छ.ग.)**



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शेर में दुर्गा चालीसा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में मां दुर्गा चालीसा व महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को नशा से दूर रहने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन कल

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 21 मई 2026 को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राम बरोंडाबाजार में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। उपसंचालक रोजगार डॉ. शशि अतुलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल होंगी। इनमें विजय क्लियरिंग एजेंसी, जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्राइवेट, स्टार आदर्श होम हेल्थ केयर सर्विस सोसायटी, आईटीएम एजुटेक इंडिया लिमिटेड तथा एनआईआईटी लिमिटेड द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए कुल 276 रिक्त पद उपलब्ध हैं। इच्छुक एवं योग्य आवेदकों को निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड, बायोडाटा की छायाप्रति तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित हों। रोजगार मेले में साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ रोजगार एप अथवा रोजगार विभाग की वेबसाइट https:// erojgar.cg.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा।

**बैठक:** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में की कार्यों की समीक्षा

# शासकीय कार्य में मितव्ययिता बरतने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में खरीफ सीजन में किसानों को खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि आगामी खरीफ सीजन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए तथा पीओएस मशीन के माध्यम से ही खाद वितरण सुनिश्चित किया जाए एवं खाद वितरण का कड़ाई से पालन करें। शासन के निर्देशानुसार यूरिया का 80 प्रतिशत मात्रा और डीएपी का 60 प्रतिशत वितरण किया जाएगा। उन्होंने खाद की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग को डीएपी के विकल्पों की जानकारी देने, पारंपरिक यूरिया का उपयोग करने तथा नैनो यूरिया के लिए बाध्य नहीं किए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को खाद दुकानों सतत निरीक्षण एवं निगरानी के निर्देश दिए है एवं शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शासकीय व्यय में मितव्ययता एवं वित्तीय अनुशासन बरतने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को पूल वाहन का उपयोग करने कहा है। कलेक्टर ने कहा कि एक ही कार्यक्रम में जाने के लिए दो से तीन विभाग मिलकर एक ही वाहन का प्रयोग करें। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यालयों में ऊर्जा की बचत करें। ई-ऑफिस एवं डिजिटल कार्यप्रणाली को प्रोत्साहित करें और वाहनों में ईंधन का उपयोग मितव्ययिता के साथ करें। कलेक्टर ने विकसित कृषि संकल्प यात्रा के दौरान कृषि विभाग को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों का



अधिक से अधिक किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन के दिए निर्देश

एग्रीस्टेक पोर्टल पर अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा विभाग को पृथक से पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया है। सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आवेदनों का निराकरण पश्चात हितग्राहियों को जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि अब तक आयोजित 21 शिविरों में 15 हजार 578 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 6 हजार 216 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष आवेदनों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने प्रत्येक विभाग को प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की। आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए आगामी तीन माह के लिए सभी राशन दुकानों में राशन भंडारण के निर्देश दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 के अप्रारंभ आवासों को तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। जिन हितग्राहियों ने आवास प्रारम्भ नहीं किए हैं, उन्हें पुनः समझाइश देते हुए अंतिम अवसर दिया जाएगा। तत्पश्चात आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जल संरक्षण के लिए मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 के तहत कलेक्टर ने अधिक से अधिक सोखता गड्ढे, डबरी, तालाब एवं अन्य जल संरचनाओं का निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। सभी विभागों को समन्वय के साथ अभियान का क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। जल संचयन भागीदारी में अभी तक 73 हजार संरचना का निर्माण हुआ है। जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों में जिला अधिकारियों को शामिल होने के निर्देश दिए हैं। यह अभियान 19 से 25 मई तक जनजातीय ग्रामों में चलेगा। इसी तरह उन्होंने बताया कि लोक सेवा केन्द्रों को सेवा सेतु केंद्र के नाम से जाना जाएगा। इस संबंध में सभी केन्द्रों को आवश्यक बदलाव करने के निर्देश दिए गए हैं।

रेत के अवैध उत्खनन के लिए संयुक्त टीम को सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में रेत का अवैध परिवहन और उत्खनन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने राजस्व विभाग अंतर्गत विवादित एवं अविवादित प्रकरणों तथा स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं, जनशिकायत, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# आवासीय विद्यालय सुनसुनिया में समर कैंप का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

■ प्रशिक्षकों द्वारा 160 बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया के छात्राओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण में आत्मनिर्भर बनने के लिए विभिन्न प्रकार के कौशलों जैसे कि ब्यूटी पार्लर, मेहंदी, केक एवं बेकरी आइटम, आत्मरक्षा, सिलाई प्रशिक्षण, जुंबा, योगा, पेंटिंग, डांस क्लास, कंप्यूटर क्लास, कुकिंग क्लासेस, कबाड़ से जुगाड़ खेल प्रशिक्षण, रंगोली प्रशिक्षण, हस्तकला, सुलेख प्रशिक्षण, कुशल प्रशिक्षकों द्वारा कुल 160 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया।

उक्त समर कैंप का निरीक्षण जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा एवं सहायक जिला मिशन समन्वयक विद्या साहू एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक भूपेश्वरी साहू, वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक रूपेश तिवारी ने किया।

जिसमें संस्था के प्रभारी रक्षा साहू के निर्देशन में आयोजित इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा सामने आई। निरीक्षण दल द्वारा प्रशिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का सहयोग और मार्गदर्शन को काफी सराहा गया। छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं विभिन्न प्रकार के कौशलों को सीखा तथा अपने प्रतिभाओं को निखारा। समर कैम्प में सभी छात्राओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# दस हितग्राहियों को मिला भू स्वामित्व आबादी पट्टा

**महासमुंद।** प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर अब ग्रामीणों के लिए शिकायत निवारण का मंच नहीं, बल्कि अधिकारों और सुविधाओं तक पहुंच का माध्यम भी बनता जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड सरायपाली के ग्राम गढ़फुलझर में आयोजित समाधान शिविर में 10 पात्र हितग्राहियों को भूस्वामित्व आबादी पट्टा वितरित किया गया, जिससे उनके वर्षों पुराने इंतजार को नई पहचान और अधिकार मिला।

पट्टा मिलने से हितग्राहियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि अब उन्हें अपने आवासीय भूमि पर वैधानिक स्वामित्व का अधिकार प्राप्त हुआ है, जिससे भविष्य में विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में भी सुविधा होगी। शिविर में सरायपाली से सत्यानंद, रूकमणी और टिकर, मेदनीपुर से बालुमकेश्वर एवं सर्वदमन, छोटेपटनी से जगत और खेमलाल तथा केंवटापाली से जानकी प्रसाद, रामकुमार एवं महेंद्र को भू स्वामित्व आबादी पट्टा प्रदान किया गया। ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन सीधे गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है और जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल रहा है।

# मुकाबले में बलराज की टीम का जलवा

## संगम क्रिकेट लीग में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन ने दर्ज की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा

पीसीए (पिथौरा क्रिकेट एकेडमी) के तत्वावधान में आयोजित संगम क्रिकेट लीग के अंतर्गत पत्रकारों के बीच खेले गए मैत्री क्रिकेट मुकाबले में रोमांच, जोश और खेल भावना का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में बतौर अतिथि वरिष्ठ पत्रकार रजिंदर खनूजा, जाकिर कुरैशी, पवन गुप्ता, ऋषिकेश शुक्ला एवं पीसीए के संयोजक मनमीत छाबड़ा उपस्थित रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा टॉस प्रक्रिया संपन्न कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रजिंदर खनूजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह एक अत्यंत सराहनीय पहल है। आज सभी पत्रकार क्रिकेट मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं वरिष्ठ पत्रकार मंच से आयोजन की गरिमा बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन पत्रकारों के बीच आपसी भाईचारा, एकता और सौहार्द को मजबूत करने का कार्य करते है। मुकाबले में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन की कप्तानी बलराज नायडू ने संभाली, जबकि श्रमजीवी पत्रकार संघ की कमान स्वप्निल तिवारी के हाथों में रही। दोनों कप्तानों के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। टॉस जीतकर श्रमजीवी पत्रकार संघ ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। श्रमजीवी पत्रकार संघ की ओर से बल्लेबाजी की शुरुआत करने उतरे सौरभ अग्रवाल और राजा उपाध्याय ने टीम को सधी हुई शुरुआत दिलाई। सौरभ अग्रवाल ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 38 गेंदों में 74 रन की विस्फोटक पारी खेली। उनकी दमदार बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 97 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। 98 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। विकास अग्रवाल और उमाशंकर की सलामी जोड़ी ने तेज गति से रन बनाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। विकास अग्रवाल ने 17 गेंदों में 27 रन बनाए, वहीं उमाशंकर ने मात्र 10 गेंदों में 26 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलकर मैच का रुख बदल दिया। विशेष रूप से विकास अग्रवाल ने पारी को अंत तक संभाले रखा और जिम्मेदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। उनकी संयमित और रणनीतिक बल्लेबाजी ने लक्ष्य तक पहुंचने की मजबूत नींव रखी। तेज बल्लेबाजी और शानदार तालमेल के दम पर छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन ने महज 7.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच का विजयी चौका गोविंद शर्मा ने लगाकर टीम को शानदार जीत दिलाई। जीत के बाद खिलाड़ियों और पत्रकारों ने मैदान में उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। मैच में ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उमाशंकर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 26 रन बनाने के साथ गेंदबाजी में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मात्र 11 रन देकर एक विकेट हासिल किया। इस अवसर पर जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के कप्तान बलराज नायडू ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उनके नेतृत्व, मार्गदर्शन और प्रेरणा से टीम ने यह यादगार जीत दर्ज की। खिलाड़ियों ने भी इस जीत का श्रेय टीम भावना और कप्तान के कुशल नेतृत्व को दिया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में दुर्गेश सोनी, सुनील यादव, तारी टूटेजा एवं हर्ष सहित पूरी पीसीए टीम की विशेष एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# बाराडोली पंचायत चुनाव में पुनर्गणना



**सरायपाली।** ग्राम पंचायत बाराडोली के पंचायत चुनाव में मतदान केंद्र क्रमांक 32, 33 एवं 34 की कराई गई पुनर्गणना के बाद भी सरपंच पद पर कैलाश साहू की जीत बरकरार रही। पुनर्गणना की प्रक्रिया एसडीएम कार्यालय सरायपाली में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं विहित प्राधिकारी (पंचायत) की उपस्थिति में हुई। चुनाव परिणाम को लेकर दर्ज आपत्ति के बाद संबंधित मतदान केंद्रों के मतों की दोबारा गिनती कराई गई। पुनर्गणना पूरी होने के बाद भी परिणाम में कोई बदलाव नहीं हुआ और कैलाश साहू को विजयी घोषित किया गया। जीत बरकरार रहने के बाद कैलाश साहू ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। उन्होंने इसे अपने समर्थकों एवं ग्रामवासियों और जनता के विश्वास की जीत बताया।




